**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**15.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे**

## हिमाचल दिवस

हिमाचल प्रदेश आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। राज्य स्तरीय समारोह किन्नौर ज़िला मुख्यालय रिकांगपिओ में होगा, जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अब से कुछ ही देर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी लेंगे। जबकि उप–मुख्मयंत्री मुकेश अग्निहोत्री शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित होने जिला स्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता———

***15 अप्रैल 1948 को 30 छोटी–बड़ी रियासतों को मिलाकर हिमाचल प्रदेश का गठन किया गया था। आज का दिन हमें उस ऐतिहासिक शुरूआत की याद दिलाता है जब बिखरी हुई पहाड़ी रिहासतों को एक प्रशासनिक ईकाई में जोड़ा गया। हिमाचल प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध संस्कृति, सरल जीवन शैली और वीरता के लिए प्रसिद्ध है और यही वजह है कि आज इसे देव भूमि और वीर भूमि के नाम से जाना जाता है। आज हिमाचल दिवस के पावन मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू राज्य स्तरीय समारोह का ध्वजा रोहण कर शुभारंभ करेंगे और परेड का निरीक्षण व मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। अन्य ज़िला मुख्यालयों पर भी हिमाचल दिवस को लेकर ज़िला स्तरीय समारोह आयोजित किए जाएंगे।***

## पीएम–बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश के नागरिकों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह राज्य अपनी समृद्ध परंपराओं, अद्वितीय सांस्कृतिक विरासत और यहां के लोगों की कड़ी मेहनत, समर्पण और विनम्रता के कारण एक विशेष पहचान रखता है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश को देव भूमि बताया और इस विशेष अवसर पर यहां के सभी नागरिकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने प्रदेशवासियों को हिमाचल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राज्य के उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और राज्य में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी हिमाचल दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

## महिला आरक्षण

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि महिला आरक्षण विधेयक विशेष संसदीय सत्र में पेश किया जाएगा। यह विधेयक हर राज्य, समुदाय और क्षेत्र की आकांक्षाओं को पूरा करता है। किरेन रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय हित में एकजुट होने के लिए सभी राजनीतिक दलों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण राजनीतिक मुद्दा नहीं हो सकता और इस विधेयक की प्रक्रिया में देरी नहीं की जा सकती।इधर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रश्मिधर सूद ने इस विधेयक को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नारी सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाला कदम बताया है। जिससे देश की बेटियां अपना भविष्य खुद तय करेंगी।

## राजेश धर्माणी

नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भवनों के सुनियोजित निर्माण व आवासीय कॉलोनियों के व्यवस्थित विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में एक समग्र रीजनल प्लान तैयार किया जा रहा है। इस दिशा में प्रारंभिक चरण में प्रदेश के 6 जिलों में कार्य आरंभ कर दिया गया है कल डलहौजी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इस महत्वकांक्षी योजना के क्रियान्वयन के प्रदेश सरकार ने इंडियन इंस्टिच्यूट ऑफ आर्किटेक्ट के साथ एक समझौता ज्ञान हस्ताक्षरित किया है।

## ई–रिक्शा

प्रदेश सरकार की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट–अप रोजगार योजना के तहत कुल्लू जिला में ई–रिक्शा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे युवाओं के लिए तो रोजगार का नया माध्यम उभरकर सामने आया ही है साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी इसका अहम योगदान साबित होगी। अधिक ब्यौरे के साथ पेश है हमारे कुल्लू जिला संवाददाता की ये रिपोर्ट —— '' ... '' ***जिला कुल्लू में ई–वाहनों को बढ़ावा देने के बाद अब ई–रिक्शा भी लोगों के लिए रोजगार का नया माध्यम बनकर उभर रहा है। ई –रिक्शा में बिजली का खर्च कम आता है, संचालन आसान है और यह पूर्णतः प्रदूषण मुक्त है, जिससे पर्यावरण को भी लाभ पहुंचता है। जो लोग पहले पेट्रोल से चलने वाला ऑटो चलाते थे, उसमें ईंधन का खर्च काफी अधिक था। ई–रिक्शा अपनाने के बाद उनका खर्च काफी***

*कम हो गया है, जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश सरकार की "राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना" के तहत यह पहल स्वरोजगार को बढ़ावा देने के साथ–साथ आर्थिक रूप से भी लाभकारी है। जिला में ई–वाहनों के बढ़ते उपयोग के बाद अब ई–रिक्शा के रूप में एक नया विकल्प सामने आया है, जिससे जहां लोगों को आर्थिक लाभ मिल रहा है, वहीं स्वच्छ और हरित पर्यावरण की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा "राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना" के अंतर्गत युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने एवं हरित परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। इसके तहत ई–टैक्सी के साथ–साथ अब ई–रिक्शा खरीदने पर भी 50 प्रतिशत तक सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। यह योजना न केवल युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है, बल्कि प्रदेश में स्वच्छ, सुलभ और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को भी सुदृढ़ बना रही है।*

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 26 तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की यह एक सौ 33वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए लोग अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप या माई गोव ओपन फोरम के माध्यम से भी ऑनलाइन सुझाव दिए जा सकते हैं। श्रोता 1 9 2 2 पर मिस्ड कॉल देकर सीधे प्रधानमंत्री को अपने सुझाव भेज सकते हैं। सुझाव 24 अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगे।

.इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार।

———————————